आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 206 | उज्जैन, मंगलवार 17 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहनों को दिये जायेंगे 250 रूपये अतिरिक्त-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पांच साल में बदल देंगे मध्यप्रदेश की तस्वीर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारा मध्यप्रदेश अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास की यह गति हम थमने नहीं देंगे। विकास की हर बात पर सरकार नागरिकों से कदम से कदम मिलाकर काम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों के खाते में 1500 रूपये की राशि अंतरित की जायेगी। जिसमें योजना की तय राशि 1250 रूपये के अलावा 250 रूपये रक्षाबंधन पर उपहार के रूप में दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से अगले पांच साल में हम मध्यप्रदेश की तस्वीर बदल देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रायसेन जिले की बरेली में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों सहित कुल 138.96 करोड़ की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने चयनित हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण भी किया।




### बरेली विकास के पथ पर है अग्रसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए-नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। मध्यप्रदेश के साथ बरेली क्षेत्र पर छींद वाले हनुमान जी महाराज की असीम कृपा है। कृषि संपन्न बरेली क्षेत्र भी विकास के पथ पर अग्रसर है। गांव-गांव को सड़क से जोड़ने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरू की थी।

# भारत ने उत्तर कोरिया में आलियावेती लोंगकुमेर को बनाया राजदूत, जल्द संभालेंगे कार्यभार



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया या उत्तर कोरिया में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी। लोंगकुमेर वर्तमान में पैराग्वे में भारतीय दूतावास के प्रभारी हैं। ऐसी संभावना है कि वह जल्दी ही उत्तर कोरिया में भारत के अगले राजदूत के रूप में अपना कार्यभार संभाल लेंगे। आपको बता दें भारत ने 2 जुलाई 2021 को उत्तर कोरिया में अपना दूतावास बंद कर दिया था उस वक्त वहां पर अतुल गोतसुर्वे बतौर राजदूत तैनात थे। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि भारत और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों की विशेषता हमेशा से मित्रता, सहयोग और आपसी समझ रही है। उत्तर कोरिया के साथ भारत के दूतावास संबंध मार्च 1962 में स्थापित किए गए थे। इसके अलावा उत्तर कोरिया में भारत का काउंसलेट जनरल 1968 में स्थापित किया गया था इसके बाद 10 दिसंबर 1973 को दोनों देशों के बीच में राजनयिक संबंध स्थापित किए गए थे।विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि 1950 से 1953 तक चले कोरियाई युद्ध के समय संयुक्त राष्ट्र ने भारत की अध्यक्षता में 9 सदस्यी राष्ट्रों का एक आयोग गठित किया था।

# पाकिस्तान को फिर ग्रे लिस्ट में डालने की तैयारी! FATF ने पहलगाम आतंकी हमले पर लताड़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से दुनियाभर में पाकिस्तान का आतंकी चेहरा बेनकाब हो गया है। एक बार फिर से पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की जा रही है। इस बीच वैश्विक आतंकी फंडिंग पर निगरानी रखने वाली संस्था FATF (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। सोमवार को जारी बयान में स्ञ्ञस्न ने कहा, ऐसे हमले बिना धन और नेटवर्क के संभव नहीं हो सकते। एफएटीएफ का यह बयान सीधे तौर पर पाकिस्तान पर निशाना है।

FATF ने यह भी स्पष्ट किया कि अब वह सदस्य देशों द्वारा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए उठाए गए ठोस और प्रभावी कदमों पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। यह बयान उस समय आया है जब भारत ने पाकिस्तान की ओर से लगातार आतंकवाद को समर्थन और धन की आपूर्ति करने के सबूत उजागर किए हैं।

# ईरान और इजरायल दोनों के साथ भारत के रणनीतिक हित जुड़े हैं



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से अस्थिर दुनिया को वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चल कर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है।

इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। भारत के हितों के लिहाज से भी हालात चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं क्योंकि ईरान और इजरायल दोनों के साथ हमारे रणनीतिक हित जुड़े हैं और दोनों देशों से अच्छे रिश्ते हैं।

ईरान-इजरायल = सैन्य ताकत के मोर्चे पर कौन है आगे- ईरान और इजरायल के बीच तनाव अपने चरम पर है। इजरायल जहां ईरान के नातं परमाणु संयंत्र पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद ईरान ने इजरायल के खिलाफ जंग का एलान कर दिया है। अब सवाल ये है कि खुली जंग में कौन भारी पड़ेगा? आइए जानते है कि दोनों देशों की सैन्य ताकत कितनी है और उनको किन देशों का समर्थन मिल सकता है?

सीधा हमला बनाम प्राक्सी वार- ईरान सीधा हमला करने के बजाए प्राक्सी वार पर भरोसा करता है। उसके पास हाउती हिजबुल्लाह और हमास जैसे प्रावसी समूह है, जो इजरायल को कई मोर्चों पर घेर सकते हैं।

# 2026 में भाजपा सरकार, वरना बंगाल को मिलेगा मुस्लिम मुख्यमंत्री, भाजपा नेता का बड़ा दावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में सियासत एक बार फिर गरमा गई है। भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार सिर्फ राज्य के 33प्र मुस्लिम समुदाय के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, यह सरकार सिर्फ मुसलमानों की है। अग्निमित्रा पॉल ने दावा किया कि 2026 में बंगाल में मोदी सरकार ही आएगी, भगवान न करे यदि ऐसा नहीं हुआ तो बंगाल में एक मुस्लिम मुख्यमंत्री देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, बंगाल के हिंदू लोगों को यह जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने ममता बनर्जी पर घटनाओं के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में हिंदू भाई-बहनों को शरणार्थी बनना पड़ा, लेकिन मुख्यमंत्री को वहां जाने में एक महीना लग गया। वहीं बड़ा बाजार की आग में भी उन्होंने तीन-चार दिन बाद दौरा किया, जबकि खिदिरपुर, जो अल्पसंख्यक बहुल इलाका है, वहां आग लगने के कुछ घंटों के भीतर ही मुख्यमंत्री पहुंच गईं। भाजपा नेता ने तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी जो मुस्लिम तुष्टिकरण कर रही हैं, वह अब बर्दाश्त के बाहर है। बंगाल के हिंदुओं और राष्ट्रवादी मुसलमानों को अब आंखें खोल लेनी चाहिए। इस बयान से पश्चिम बंगाल की सियासत में हलचल मच गई है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से अब तक इस पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# अब दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा हांगकांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल के दिनों में बोइंग की ड्रीमलाइनर विमानों तकनीकी खराबियों और सुरक्षा चिंताओं की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अहमदाबाद में हाल ही में हुए विमान हादसे के बाद अब हांगकांग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI315 को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का संदेह होने के कारण वापस हांगकांग लौटना पड़ा। ये प्लेन भी बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान है। बता दें सोमवार को बोइंग ड्रीमलाइनर से जुड़ी दो अन्य घटनाएं भी सामने आईं। लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से चेन्नई के लिए उड़ान भरने वाली ब्रिटिश एयरवेज की बोइंग ड्रीमलाइनर को तकनीकी खराबी के कारण वापस लौटना पड़ा। वहीं, फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद जा रही लुफ्थांसा की एक अन्य बोइंग ड्रीमलाइनर को बम की धमकी मिलने के बाद वापस फ्रैंकफर्ट लौटना पड़ा।

# पीएम मोदी कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वर्तमान में पीएम मोदी मोदी साइप्रस के दौरे पर हैं, जहां से वह सोमवार शाम को कनाडा जाएंगे। यहां पर वह जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके बाद यहां से क्रोएशिया के दौरे पर जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम मोदी विदेश की यात्रा पर हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस विदेश यात्रा पर दुनिया की नजरें टिकी हैं। ऐसा इसलिए क्यों कि यहां पर प्रधानमंत्री कनाडा के कानानास्किस में आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वह वैश्विक नेताओं से बातचीत भी करेंगे। कनाडा में हो रहे इस शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों कनाडा पहुंच चुके हैं।

एक मंच पर होंगे पीएम मोदी और ट्रंप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के निमंत्रण पर 16 और 17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। इस दौरान माना जा रहा है कि पीएम मोदी की मुलाकात ट्रंप से भी हो सकती है। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच कोई औपचारिक मुलाकात या बातचीत होगी या नहीं, इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि विदेश मंत्रालय की ओर से नहीं की गई है। हालांकि, अगर दोनों नेताओं के बीच मुलाकात होती है, तो ये काफी अहम पल होगा।

ट्रंप ने किया भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा किया था। इसके साथ ही उन्होंने खुद को ही दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का श्रेय भी लिया था। हालांकि, भारत की ओर से किसी भी तीसरे पक्ष की दखल की बात को खारिज किया है। वहीं, पाकिस्तान ने ट्रंप के बयान का स्वागत किया था।

भारत का सीधा कहना है कि पाकिस्तान की गुहार के बाद सीजफायर के लिए भारत सहमत हुआ। यहां ध्यान देने वाली बात है कि भारत के किसी भी आधिकारिक बयान के से पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर सीजफायर का एलान कर दिया था।

संघर्ष विराम पर ट्रंप के बयान- भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। पहले कई मौकों पर वह कह चुके हैं कि उन्होंने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया। हालांकि, भारत की ओर से स्पष्ट कहा गया है कि सीजफायर के लिए किसी भी तीसरे पक्ष का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

ट्रंप ने हाल में कहा कि जिस तरीके से भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया, ठीक उसी तरीके से इजरायल और ईरान के बीच भी संघर्ष विराम कराउंगा।

# इजरायल ने सीरिया, मिस्र, सऊदी अरब, लेबनान, इराक और जॉर्डन को नाकों चने चबा दिए थे



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और ईरान ने एक दूसरे के कई ठिकानों पर बीते चार दिनों में कई हवाई हमले किए। इसके बाद मध्य पूर्व एक बार फिर से जंग की आग में झुलस रहा है।

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि इजरायली हमलों में 224 लोगों की मौत हुई है। वहीं इजरायल ने कहा है कि ईरान के हमलों में अब तक 19 लोग मारे गए हैं। इजरायल के लिए ये जंग इसलिए भी अहम है क्योंकि इजरायल इसे अपनी साख की लड़ाई बताता है।

ईरान के साथ शुरू हुए इस संघर्ष के बाद करीब 5 दशक पहले कि वो जंग याद आती है, जिसमें अकेली इजरायली सेना ने 6 अरब मुल्कों को पस्त कर दिया था। 6 दिनों तक चली इस जंग में इजरायल ने सीरिया, मिस्र, सऊदी अरब, लेबनान, इराक और जॉर्डन को नाकों चने चबा दिए थे।

इस जंग की बुनियाद 1948 में रखी जा चुकी थी, जब इजरायल नाम का नया मुल्क दुनिया के नक्शे पर उभरा। अरब मुल्कों ने इसे न सिर्फ नामंजूर किया, बल्कि फौरन जंग छेड़ दी। पहली अरब-इजरायल जंग में न सिर्फ हजारों लोग मारे गए, बल्कि लाखों फिलस्तीनी बेघर हुए।

ये जख्म तब और गहरा हुआ जब 1956 में मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्दुल नासिर ने स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण कर दिया और इजरायल, फ्रांस और ब्रिटेन ने मिस्र पर हमला बोल दिया।

इसके बाद 1960 के दशक में सीरिया-समर्थित फिलस्तीनी गुरिल्ला बार-बार इजरायली सीमा पर हमला कर रहे थे। अप्रैल 1967 में इजरायल और सीरिया के बीच जंग छिड़ गई। इसी दौरान सोवियत रूस ने मिस्र को खुफिया जानकारी दी कि इजरायल सीरिया पर हमला करने वाला है।

इस बीच मिस्र ने अपने हजारों सिपाहियों को सिनाई प्रायद्वीप में तैनात कर दिया। मई 1967 में मिस्र ने स्ट्रेट ऑफ टिरान को बंद कर दिया। ये इजरायल के लिए समुंदर से जुड़ने का इकलौता रास्ता था। इजरायल के लिए ये सीधी चुनौती थी।

इजरायल ने इसे जंग का ऐलान माना और 5 जून की सुबह 'ऑपरेशन फोकस' के तहत मिस्र के एयरबेस पर हमला कर दिया। सिर्फ कुछ घंटों में ही इजरायल ने मिस्र के सैकड़ों लड़ाकू जहाज तबाह कर दिए। एक दिन के अंदर ही अकेले मिस्र के 300 से ज्यादा विमान आसमान में तबाह हो गए। इसके साथ ही सीरिया के 60, जॉर्डन के 35 और इराक के 16 विमान भी मार गिराए गए थे। इस जंग में इजरायल की 400 विमानों की वायुसेना के मात्र 19 विमान तबाह हुए थे।

अरब दुनिया को लगा था करारा झटका- मिस्र, सीरिया और जॉर्डन की फौजें पूरी तैयारी में नहीं थीं। इजरायल ने न सिर्फ मिस्र से गाजा पट्टी और सिनाई प्रायद्वीप छीना, बल्कि जॉर्डन से वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम भी ले लिया।

# IRGC के खुफिया प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद काजमी और उनके डिप्टी हसन मोहाकिक इजरायली हमले में मारे गए



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायली हमलों ने एक बार फिर ईरान को हिलाकर रख दिया है।

ईरानी सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खुफिया प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद काजमी और उनके डिप्टी हसन मोहाकिक इजरायली हमले में मारे गए।

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर से जुड़ी ईरान की सरकारी न्यूज़ एजेंसी तस्नीम न्यूज़ ने बताया है कि तेहरान में हुए इस हमले में ढ्ढक्रत्नष्ट का एक तीसरा खुफिया अफसर मोहसिन बाघेरी भी मारा गया। इस हमले ने ईरान के सैन्य ढांचे को गहरा झटका दिया है और इससे देश का खुफिया तंत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

बंकर में छिप गए खामेनेई- इस बीच, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई को शुक्रवार को इजरायली हमलों के शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही तेहरान के उत्तर-पूर्वी इलाके लवीजान में एक अंडरग्राउंड बंकर में ले जाया गया है। खामेनेई अपने पूरे परिवार के साथ इस बंकर में मौजूद हैं। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, खामेनेई ने अप्रैल 2024 और अक्टूबर में भी ईरान के इजरायल पर हमलों के दौरान इसी बंकर में पनाह ली थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजरायल ने ऑपरेशन की पहली रात को खामनेई को निशाना नहीं बनाया, ताकि उन्हें अपनी यूरेनियम संवर्धन योजना को पूरी तरह छोड़ने का आखिरी मौका दिया जा सके। यह जानकारी टाइम्स ऑफ इजरायल ने अपने सूत्रों के हवाले से दी है।इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने बताया कि उसने ईरान में हथियार बनाने की ताकत को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए।

## शुभमन गिल ने की रोहित-कोहली की जमकर तारीफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के लिए एक नई टेस्ट कप्तानी युग की शुरुआत हो चुकी है। शुभमन गिल को टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। वह इस महीने के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज़ से भारत की अगुवाई करेंगे। यह सीरीज़ 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की पहली होगी। इससे पहले, भारत के दो दिग्गज बल्लेबाज़ -रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। रोहित ने 7 मई को अपने 11 साल और 67 टेस्ट की करियर के बाद संन्यास लिया। वहीं विराट कोहली ने 12 मई को अचानक टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया, जिससे क्रिकेट जगत स्तब्ध रह गया।

गिल ने रोहित शर्मा की कप्तानी को बताया सकारात्मक- स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट को दिए गए एक इंटरव्यू में शुभमन गिल ने रोहित शर्मा की कप्तानी को लेकर कहा, रोहित शर्मा रणनीतिक रूप से बहुत आक्रामक कप्तान हैं। वह मैच से पहले, दौरान और बाद में भी खिलाड़ियों से जो चाहिए वह बहुत स्पष्ट रूप से बताते हैं। गिल ने यह भी कहा कि रोहित भले ही गुस्से में कुछ कह दें, लेकिन खिलाड़ियों को पता होता है कि वह दिल से नहीं बोल रहे।

## जी7 में ट्रंप के साथ टकराव से बचने का हो रहा प्रयास




नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष और टैरिफ को लेकर अमेरिका के साथ बढ़ते मतभेदों के बीच रविवार से कनाडा में दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों जी7 की बैठक हो रही है।

मेजबान कनाडा पूरी कोशिश कर रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी तरह का टकराव न हो। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का कहना है कि उनकी प्राथमिकताएं शांति व सुरक्षा को मजबूत करना, महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करना और नौकरियां पैदा करना है।

बैठक में कौन-कौन से मुद्दे होंगे शामिल- बैठक में अमेरिकी टैरिफ और मध्य पूर्व व यूक्रेन में संघर्ष जैसे मुद्दे प्रमुखता से शामिल होने की उम्मीद है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इजरायल-ईरान संघर्ष का मुद्दा जी-7 शिखर सम्मेलन के एजेंडे में बहुत ऊपर होगा।

# नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की नजर में ट्रम्प उनका सबसे बड़ा दुश्मन हैं



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को एक सनसनीखेज बयान में दावा किया कि ईरान की सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने परमाणु प्रोग्राम के लिए खतरा माना है और उनकी हत्या की साजिश रची है।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की नजर में ट्रम्प उनका सबसे बड़ा दुश्मन हैं। यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से बात करते हुए कहा, वो (ईरान) ट्रम्प को मारना चाहते हैं। वो उनके लिए सबसे बड़ा दुश्मन हैं।

उन्होंने आगे कहा, ट्रम्प एक मजबूत और निर्णायक लीडर हैं। उन्होंने कभी कमजोरी के साथ ईरान से समझौता करने की राह नहीं चुनी, जिससे ईरान को यूरेनियम संवर्धन का रास्ता मिले और परमाणु बम बनाने की राह आसान हो। ट्रम्प ने उस नकली समझौते को फाड़ दिया और कासिम सुलेमानी को मरवा दिया। उन्होंने साफ कहा कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने दिए जाएंगे। उनकी इस सख्ती की वजह से वो ईरान के लिए सबसे बड़े दुश्मन बन गए हैं।

सख्त कदम उठाने के सिवा कोई रास्ता न था- नेतन्याहू ने बताया कि वो खुद भी ईरान के निशाने पर हैं। उनके घर की खिड़की पर मिसाइल हमला हुआ था। उन्होंने खुद को ट्रम्प का जूनियर पार्टनर बताते हुए कहा कि दोनों मिलकर ईरान के परमाणु हथियार बनाने की कोशिशों को रोक रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल के सामने तुरंत खतरा है और उनके पास आखिरी वक्त में सख्त कदम उठाने के सिवा कोई रास्ता नहीं था।

# इस महीने की शुरुआत में US 12 देशों के नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन 36 अतिरिक्त देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर यात्रा प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। इस कदम के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा खतरों का हवाला दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में 12 देशों के नागरिकों के प्रवेश पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

विदेश मंत्री मार्को रूबियो की ओर से हस्ताक्षरित एक डिप्लोमेटिक केबल में स्टेट डिपार्टमेंट ने संबंधित देशों के बारे में चिंताओं को उजागर किया है और सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है।

पासपोर्ट की सुरक्षा को लेकर भी सवाल- विभाग ने चिंताजनक 36 देशों की पहचान की है, जिनके नागरिकों के प्रवेश पर पूर्ण या आंशिक रोक लगाने की सिफारिश की जा सकती है, अगर वे 60 दिनों के भीतर स्थापित मानदंडों और आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं।यह केबल सबसे पहले वाशिंगटन पोस्ट द्वारा रिपोर्ट किया गया था। केबल में जताई गई चिंताओं में कुछ देशों में विश्वसनीय पहचान दस्तावेज बनाने के लिए सक्षम संस्था का अभाव। पासपोर्ट की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

नागरिकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है- अगले 60 दिनों के भीतर इनका समाधान नहीं करने पर इन देशों के नागरिकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

# इजरायल और ईरान स्थित भारतीय दूतावासों ने जारी की एडवाइजरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि सभी भारतीय सुरक्षित हैं। भारतीय दूतावास क्षेत्र के हालात और अपने नागरिकों की सुरक्षा की लगातार निगरानी कर रहा है।

दूतावास ने नई एडवाइजरी जारी की है। 24/7 हेल्पलाइन स्थापित की गई है। दूतावास भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ संपर्क में है। इस बीच ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भी रविवार को एडवाइजरी जारी कर ईरान में रह रहे भारतीयों को सतर्क रहने को कहा है।

भारतीयों को दी गई सलाह

भारतीयों को सलाह दी गई है कि वे घबराएं नहीं, सावधानी बरतें और तेहरान में भारतीय दूतावास के इंटरनेट मीडिया के माध्यम से संपर्क बनाए रखें। इजरायल स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा, भारतीयों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

भारतीयों को सतर्क रहने, किसी भी अनावश्यक गतिविधि से बचने और इजरायली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा दिए गए सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करने की सलाह दी गई है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास इजरायल में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ संपर्क में है, जिनमें देखभालकर्मी, श्रमिक, छात्र, कारोबारी और पर्यटक समूह शामिल हैं।

दूतावास इजरायली अधिकारियों के साथ संपर्क में है। इजरायल सरकार द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा और हवाई क्षेत्र बंद होने के मद्देनजर भारतीय नागरिकों से सुरक्षा प्रोटोकाल का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।

फोन नंबर्स किए गए जारी- भारतीय मिशन ने कहा कि सातों दिन, चौबिसों घंटे (24/7) चलने वाली हेल्पलाइन मौजूदा स्थिति के बारे में किसी भी सहायता के लिए तत्पर है। दूतावास ने जरूरतमंद भारतीयों के लिए फोन नंबर +972547520711 और +972543278392 साझा किए हैं।

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल कैसे टूटा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र में पुणे के निकट इंद्रायणी नदी के ऊपर बना एक लोहे का पुल अचानक टूट जाने से चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। नदी में बहे 38 लोगों को बचा लिया गया है। कुछ लोगों के अभी भी पुल के नीचे दबे होने की आशंका है। इस दुर्घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी पुराने एवं जर्जर पुलों के स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का फैसला किया है।

दुर्घटना रविवार शाम करीब 3.30 बजे हुई, जब पुणे के निकट इंद्रायणी नदी के ऊपर बना लोहे का एक छोटा पुल अचानक टूट गया। दुर्घटना के समय पुल पर आ-जा रहे करीब 50 लोग तेज धार के साथ बहती नदी में जा गिरे। कुछ लोग गिरे हुए पुल के नीचे भी दब गए।

छह की स्थिति गंभीर- पुल गिरने के बाद नदी में गिरे लोगों में से 38 लोगों के स्थानीय लोगों एवं एनडीआरएफ की टीम ने नदी से बाहर निकाल लिया है। कुछ लोग अपने आप ही तैर कर नदी से बाहर आ गए थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जिनमें से छह की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

30 साल पुराना था पुल

आपदा राहत कार्य मंत्री गिरिश महाजन के अनुसार, करीब पांच फुट चौड़ा लोहे का पुल 30 साल पुराना था। जंग लगने के कारण वह काफी जर्जर हो चुका था। उस पर दोपहिया वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित था। इसके बावजूद स्थानीय लोग स्कूटर-मोटरसाइकिल से पुल पार करते थे।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश के रहस्य से अब हटेगा पर्दा!



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को हुए दिल दहला देने वाले एयर इंडिया विमान हादसे की जांच में अहम कामयाबी मिली है। जांचकर्ताओं ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) को बरामद कर लिया है। इससे पहले फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) भी मिल चुका था।

इस हादसे में 270 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हादसे की जांच कर रही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने पहले सिर्फ फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर के मिलने की तस्दीक की थी। लेकिन अब कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर भी बरामद हो गया है। वहीं, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने रविवार को घटना स्थल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की। उन्होंने जांच और राहत कार्यों का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को हर मुमकिन मदद का भरोसा दिलाया। अलग-अलग विभागों के आला अफसरों की मीटिंग - अधिकारियों ने पी के मिश्रा को बताया कि दोनों ब्लैक बॉक्स सुरक्षित हैं। इनके मिलने से हादसे की वजह का पता लगाना आसान हो जाएगा।

## इजरायली अटैक में ईरान में पढ़ रहे 2 कश्मीरी छात्र घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव ने एक बार फिर वैश्विक सुर्खियां बटोरी हैं। इस संघर्ष की जद में अब आम लोग भी आ गए हैं। इसका असर विदेशी छात्रों की सुरक्षा पर भी पड़ रहा है।

बीती रात तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए बने ब्वॉयज हॉस्टल के पास एक हमला हुआ। इस हमले में दो भारतीय छात्र घायल हो गए। ये दोनों छात्र जम्मू-कश्मीर से हैं। हालांकि, दोनों छात्रों की हालत अब स्थिर है और विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें रामसर ट्रांसफर कर दिया है। इस घटना ने ईरान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास इस मामले की जांच में जुटे हैं, ताकि घटना के कारणों और जिम्मेदारों का पता लगाया जा सके।

भारत सरकार नागरिकों को निकालने के लिए कर रही तैयारी - ईरान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए भारत सरकार ऑपरेशन शुरू करने जा रही है। ईरान सरकार ने भारतीयों सहित विदेशी नागरिकों को सुरक्षित उनके देश भेजने की बात कही है।

## अधिसूचना के मुताबिक, साल 2027 में ये जनगणना कराई जाएगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। लंबे वक्त से जनगणना को लेकर हो रहा इंतजार, आखिरकार खत्म हो गया है। गृह मंत्रालय ने आज यानी सोमवार को जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत जनगणना और जातीय जनगणना से संबंधित आधिकारिक गैजेट अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक, साल 2027 में ये जनगणना कराई जाएगी।

देश के ज्यादातर राज्यों में जनगणना के लिए 1 मार्च 2027 की आधी रात की तारीख को आधार माना जाएगा। लेकिन, ठंडे और बर्फबारी वाले इलाकों जैसे जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख और उत्तराखंड में यह तारीख 1 अक्टूबर 2026 तय की गई है। खराब मौसम के मद्देनजर ये फैसला लिया गया है।

21 महीने में पूरी होगी जनगणना- जनगणना की पूरी प्रक्रिया एक मार्च 2027 तक पूरी कर ली जाएगी। जनगणना का प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में ही जारी हो जाएगा। हालांकि विस्तृत डेटा जारी होने में साल के आखिर तक का इंतजार करना पड़ेगा। जनगणना की पूरी प्रक्रिया लगभग 21 महीनों में पूरी होगी।

दो चरणों में होगी जनगणना, ये जानकारियां ली जाएंगी- जनगणना को दो चरण में पूरा किया जाएगा। एक मार्च 2027 की आधी रात तक देश की जनसंख्या और सामाजिक स्थिति का जो भी आंकड़ा होगा, वही रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। इसी को आधार माना जाएगा।

जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, परिसंपत्तियों और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा।

इसके बाद, दूसरे चरण में जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण लिया जाएगा।

## अहमदाबाद विमान हादसा जलते विमान से चमत्कारिक ढंग से बचे विश्वास कुमार रमेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। 12 जून को गुजरात में हुए विमान हादसे ने लोगों को दहला दिया था। अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही क्रैश हो गई। इस विमान में 242 लोग सवार थे। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों की जान चली गई। हालांकि, विश्वास कुमार रमेश इस विमान हादसे में बच गए। इस बीच सोशल मीडिया पर विश्वास कुमार रमेश का एक वीडियो सामने आया है, जो काफी हैरान करने वाला है। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान में आग लग गई और धुएं का गुबार आसमान में दिखा। विमान में हुए विस्फोट के बीच से विश्वास कुमार रमेश बाहर आते नजर आ रहे हैं। जो किसी एक चमत्कार से कम नहीं है।

अहमदाबाद से लंदन जा रहे थे विश्वास कुमार रमेश- 12 जून को एअर इंडिया की एआई171 विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही ये विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। इसी विमान में विश्वास कुमार रमेश अपने भाई के साथ सवार थे। हालांकि, इस भीषण हादसे में उनकी जान बच गई। उनका उपचार वर्तमान में अस्पताल में चल रहा है। इस बीच सामने आया उनका एक नया वीडियो लोगों को हैरान कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान उनके हाथ में मोबाइल भी नजर आ रहा है। जो लोगों के लिए चर्चा का विषय बना है।

विश्वास कुमार रमेश ने बयां किया पूरा मंजर- विश्वास कुमार रमेश से जब पूछा गया कि वो इस विमान हादसे में कैसे बच गए, इसके जवाब में उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जिस हिस्से पर मेरी सीट थी, वो शायद बिल्डिंग से टकरा गई। जैसे ही विमान के ऊपरी हिस्से में आग लगी तो, लोग वहां फंस गए। हालांकि, मेरी सीट से मैं नीचे गिर गया था।

## जी-7 सम्मेलन से पहले खालिस्तानी समर्थकों ने शुरू किया धरना प्रदर्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा में जी-7 सम्मेलन का आगाज होने वाला है। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के खास बुलावे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सम्मेलन में हिस्सा लेने जा रहे हैं। हालांकि, जी-7 सम्मलेन से पहले खालिस्तानी समर्थकों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का गुस्सा उनपर फूट पड़ा है।

हरदीप सिंह पुरी ने खिलास्तानी प्रदर्शनकारियों को किराए का टट्टू करार दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

खालिस्तानी समर्थकों पर क्या बोले केंद्रीय मंत्री- हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, ÷छोड़ो इनको। कल फिर कोई और वीडियो वायरल होगा। वो (खालिस्तानी समर्थक) पड़ोसी मुल्क (पाकिस्तान) में धरना देने बैठ जाएंगे क्योंकि वहीं से उन्हें फंडिंग मिलती है। मगर जब फंडिंग नहीं मिलेगी तो वो उन्हीं (पाकिस्तान) पर ही हमला बोल देंगे।

केंद्रीय मंत्री ने साफ शब्दों में कहा- यह जो किराए के टट्टू हैं, इनको गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

6वीं बार जी-7 समिट में शामिल होंगे पीएम मोदी- बता दें कि साइप्रस की यात्रा के बाद पीएम मोदी आज कनाडा के लिए रवाना होंगे। पीएम मोदी आज और कल यानी 16-17 जून को कनाडा में होने वाले जी-7 सम्मेलन में शिरकत करेंगे। पीएम मोदी को खुद कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने जी-7 समिट में आने का न्यौता दिया है। इसी के साथ बतौर पीएम वो लगातार छठीं बार जी-7 सम्मेलन में शामिल होंगे।

पीएम मोदी ने दिया था साफ संदेश- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी विदेश यात्रा शुरू करने से पहले ही संदेश दे दिया था कि यह यात्रा भारत के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को धन्यवाद देने के लिए है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत का साथ दिया है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

हिन्दकुश मीडिया

jagrayam.com
online news magazine

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल षष्ठमी


## संपादकीय

# भ्रष्टाचार रूपी महामारी का डंक पूरी दुनियाँ का हर देश झेल रहा है



भ्रष्टाचार रूपी महामारी का डंक पूरी दुनियाँ का हर देश झेल रहा है जिसके उपाय रूपी वैक्सीन का आविष्कार शायद अभी किसी देश ने नहीं किया है,परंतु उपायों पर काम ज़रूर चल रहा है,अगर मन में संकल्प हो,व दिल मेंज़ज्बा लेकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकना है तो, मेरा मानना है कि डंके की चोट पर सरकारी नौकरियों में न खर्ची न पर्ची, पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश के साथ भारती करना होगा जिसमें पीएम से लेकर सीएम तक व गृहमंत्री से लेकर अंतिम स्टेज के कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग करना होगा। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि रविवार 15 जून 2025 को मैं देर शाम से टीवी चैनलों इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया से लगातार टच में रहकर यूपी के लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान स्थल पर बड़े पैमाने पर चल रहे 60244 अभ्यर्थियों के जॉइनिंग लेटर सौंपने का समारोह चल रहा था जिसपर मीडिया के माध्यम से मेरी पूरी नजर लगी हुई थी, उसमें माननीय केंद्रीय गृहमंत्री ने दिल को छू लेने वालीबात कही कि यहां 60244 अभ्यर्थी बैठे हैं, हिम्मत से कह रहा हूं कि किसी को भी एक रूपए रिश्वत नहीं देनी पड़ी,बस! यही बात और यही मॉडल मैं एडवोकेशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, चाहता हूं कि पूरे देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जाए जो, माननीय पीएम और गृहमंत्री ही कर सकते हैं,सेल्यूट सर।चूँकि आज देश के सामने इतनी बढ़ी भर्ती व पारदर्शिता की गारंटी वाली मिसाल कायम हुई है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे न खर्ची न पर्ची पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश से हुई भर्ती मॉडल को सभी राज्यों ने अपनाना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान पर 15 जून 2025 को चल रहे नौकरी जॉइनिंग लेटर सौंपने का समारोह की करें तो,यूपी में 60,244 चयनित सिपाहियों को जॉइनिंग लेटर दिए गए। इनमें से 15 को केंद्रीय गृहमंत्री और सीएम ने लेटर बांटे। बाकियों को समारोह स्थल पर दिए गए। यूपी में पहली बार ऐसा हुआ, जब इतने बड़े पैमाने पर जॉइनिंग लेटर बांटे गए।चयनित सिपाहियों को 1,300 बसों से लखनऊ लाया गया।गृहमंत्री ने लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में कहा- यूपी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। इस काम को आप सभी 60 हजार युवाओं को और आगे बढ़ाना है। अगले पांच सालों में ऐसी व्यवस्था हो जाएगी कि किसी भी एफआई आर के बाद तीन साल के भीतर उसपर सुप्रीम कोर्ट तक फैसला हो जाएगा। उन्होंने कहा- पहले 11 राज्यों में नक्सलवाद हुआ करता था। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाइयां कीं। मेरी बात याद रखना, 31 मार्च, 2026 तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।आगे बोले- बिना पर्ची, बिना खर्ची के हुई ये भर्ती रेखांकित करने योग्य है पिछली सरकारों में कई सारी भर्तियां भी हुई,परंतु मेरे सामने 60,244 अभ्यर्थी बैठे हैं। मैं उनके सामने हिम्मत के साथ कह रहा हूं कि किसी को एक रुपए की रिश्वत किसी को देनी नहीं पड़ी है। भर्ती पारदर्शिता के साथ हुई है। न खर्ची, न पर्ची, सिफारिश से भी नहीं, जाति के आधार पर भी नहीं, और भ्रष्टाचार से भी नहीं। योग्यता के आधार पर 48 लाख आवेदन में से आपका चयन आपकी योग्यता के आधार पर हुआ है।सिपाही भर्ती में 12 हजार से अधिक बच्चियां हैं, जिनके चेहरे की मुस्कान और तेज देखकर काफी सुकून मिला है। गृहमंत्री ने कहा कि 60,244 युवाओं के लिए आज

# रानी लक्ष्मीबाई



रानी लक्ष्मीबाई मराठा शासित झाँसी राज्य की रानी और 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना थीं। बलिदानों की धरती भारत में ऐसे-ऐसे वीरों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपने रक्त से देश प्रेम की अमिट गाथाएं लिखीं। यहाँ की ललनाएं भी इस कार्य में कभी किसी से पीछे नहीं रहीं, उन्हीं में से एक का नाम है- झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई। उन्होंने न केवल भारत की बल्कि विश्व की महिलाओं को गौरवान्वित किया। उनका जीवन स्वयं में वीरोचित गुणों से भरपूर, अमर देशभक्ति और बलिदान की एक अनुपम गाथा है।

रानी लक्ष्मीबाई मराठा शासित झांसी की रानी और भारत की स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम वनिता थीं। भारत को दासता से मुक्त करने के लिए सन् 1857 में बहुत बड़ा प्रयास हुआ। यह प्रयास इतिहास में भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम या सिपाही स्वतंत्रता संग्राम कहलाता है।

अंग्रेज़ों के विरुद्ध रणयज्ञ में अपने प्राणों की आहुति देने वाले योद्धाओं में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का नाम सर्वोपरी माना जाता है। 1857 में उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम का सूत्रपात किया था। अपने शौर्य से उन्होंने अंग्रेज़ों के दाँत खट्टे कर दिए थे।

अंग्रेज़ों की शक्ति का सामना करने के लिए उन्होंने नये सिरे से सेना का संगठन किया और सुदृढ़ मोर्चाबंदी करके अपने सैन्य कौशल का परिचय दिया था।

### जीवन परिचय

रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवंबर, 1835 को काशी के पुण्य व पवित्र क्षेत्र असीघाट, वाराणसी में हुआ था। इनके पिता का नाम मोरोपंत तांबे और माता का नाम भागीरथी बाई था। इनका बचपन का नाम मणिकर्णिका रखा गया परन्तु प्यार से मणिकर्णिका को मनु पुकारा जाता था। मनु की अवस्था अभी चार-पाँच वर्ष ही थी कि उसकी माँ का देहान्त हो गया। पिता मोरोपंत तांबे एक साधारण ब्राह्मण और अंतिम पेशवा बाजीराव द्वितीय के सेवक थे। माता भागीरथी बाई सुशील, चतुर और रूपवती महिला थीं। अपनी माँ की मृत्यु हो जाने पर वह पिता के साथ बिठूर आ गई थीं। यहीं पर उन्होंने मल्लविद्या, घुड़सवारी और शस्त्रविद्याएँ सीखीं। चूँकि घर में मनु की देखभाल के लिए कोई नहीं था इसलिए उनके पिता मोरोपंत मनु को अपने साथ बाजीराव के दरबार में ले जाते थे जहाँ चंचल एवं सुन्दर मनु ने सबका मन मोह लिया था। बाजीराव मनु को प्यार से छबीली बुलाने थे।

### झाँसी का युद्ध

उस समय भारत के बड़े भू-भाग पर अंग्रेज़ों का शासन था। वे झाँसी को अपने अधीन करना चाहते थे। उन्हें यह एक उपयुक्त अवसर लगा। उन्हें लगा रानी लक्ष्मीबाई स्त्री है और हमारा प्रतिरोध नहीं करेगी। उन्होंने रानी के दत्तक-पुत्र को राज्य का उत्तराधिकारी मानने से इंकार कर दिया और रानी को पत्र लिख भेजा कि चूँकि राजा का कोई पुत्र नहीं है, इसीलिए झाँसी पर अब अंग्रेज़ों का अधिकार होगा। रानी यह सुनकर क्रोध से भर उठीं एवं घोषणा की कि मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी। अंग्रेज़ तिलमिला उठे। परिणाम स्वरूप अंग्रेज़ों ने झाँसी पर आक्रमण कर दिया। रानी ने भी युद्ध की पूरी तैयारी की। क़िले की प्राचीर पर तोपें रखवायीं। रानी ने अपने महल के सोने एवं चाँदी के सामान तोप के गोले बनाने के लिए दे दिया।

### मृत्यु



रानी को असहनीय वेदना हो रही थी परन्तु मुखमण्डल दिव्य कान्त से चमक रहा था। उन्होंने एक बार अपने पुत्र को देखा और फिर वे तेजस्वी नेत्र सदा के लिए बन्द हो गए। वह 17 जून, 1858 का दिन था, जब क्रान्ति की यह ज्योति अमर हो गयी। उसी कुटिया में उनकी चिता लगायी गई जिसे उनके पुत्र दामोदर राव ने मुखाग्नि दी। रानी का पार्थिव शरीर पंचमहाभूतों में विलीन हो गया और वे सदा के लिए अमर हो गयीं। इनकी मृत्यु ग्वालियर में हुई थी। रानी लक्ष्मीबाई की वीरता से प्रभावित होकर ह्यूरोज को भी यह कहना पड़ा कि- भारतीय क्रांतिकारियों में यह अकेली मर्द है। विद्रोही सिपाहियों के सैनिक नेताओं में रानी सबसे श्रेष्ठ और बहादुर थी और उसकी मृत्यु से मध्य भारत में विद्रोह की रीढ़ टूट गई।

सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी, बूढ़े भारत में आई फिर से नयी जवानी थी, गुमी हुई आज़ादी की कीमत सबने पहचानी थी, दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।

चमक उठी सन सत्तावन में, वह तलवार पुरानी थी, बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी।। -सुभद्रा कुमारी चौहान

### अंग्रेज़ों का ज़ब्ती सिद्धांत

झाँसी की रानी, जो इस बात से बहुत कुपित थी कि 1853 ई. में उसके पति के मरने पर लॉर्ड डलहौज़ी ने ज़ब्ती का सिद्धांत लागू करके उसका राज्य हड़प लिया। अतएव सिपाही विद्रोह शुरू होने पर वह विद्रोहियों से मिल गई और सर ह्यूरोज के नेतृत्व में अंग्रेज़ी फ़ौज का डटकर वीरतापूर्वक मुक़ाबला किया। जब अंग्रेज़ी फ़ौज क़िले में घुस गई, लक्ष्मीबाई क़िला छोड़कर कालपी चली गई और वहाँ से युद्ध जारी रखा।

# इंडिगो एयरलाइन के शेयर 2 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए




नई दिल्ली (एजेंसी)। मार्केट शेयर के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी, इंडिगो के प्रमोटर्स इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज ने 16 जून को एक बयान में उन खबरों का खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि वह ब्लॉक डील के जरिए करीब 1 अरब डॉलर (8,600 करोड़ रुपये) जुटाने के लिए एयरलाइन में 4 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं।

कंपनी ने कहा, इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज, इंडिगो की लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर प्रतिबद्ध है और वर्तमान में एयरलाइन का डेवलपमेंट हमारा फोकस है। कंपनी ने कहा कि हिस्सेदारी बेचने की खबरें सिर्फ अटकलें हैं और इनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है।

### किसके पास कितनी हिस्सेदारी

इससे पहले 13 जून को सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज के को-प्रमोटर्स और प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ब्लॉक डील में हिस्सेदारी बेच सकते हैं। मार्च 2025 तक, प्रमोटर्स और प्रमोटर ग्रुप के पास बजट एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन में 49.27 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। मार्च 2025 तक, इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज के पास कंपनी में 35.71 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि राकेश गंगवाल और संबंधित संस्थाओं के पास 13.53 प्रतिशत स्टैक था।

इंडिगो एयरलाइन के शेयरों ने पिछले 6 महीने में 22 फीसदी तो एक साल में 25 फीसदी का रिटर्न डिलीवर किया है। बीएसई पर उपलब्ध इंडिगो के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025 के अंत में राहुल भाटिया के पास व्यक्तिगत रूप से कंपनी में 0.1 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है।स्टैक सेल को लेकर कंपनी की इस सफाई के बाद इंडिगो के शेयरों में तेजी देखने को मिली है और आज यह सवा 2 फीसदी की तेजी के साथ 5382 रुपये के स्तर पर बंद हुए।

## अमृतसर में रियल एस्टेट कंपनी ने खरीदी 260 एकड़ जमीन, आसमान पर पहुंचे शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। ओमैक्स लिमिटेड के शेयरों में जबरदस्त उछाल आया। कंपनी के शेयर 13.4त्न चढ़कर 108 तक पहुंच गए। ये तेजी कंपनी की एक बड़ी घोषणा की वजह से आई। उन्होंने अमृतसर में 260 एकड़ जमीन खरीदी है, जिस पर एक नया टाउनशिप बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में ही कंपनी 127 एकड़ पर काम शुरू करेगी और इसके लिए 1,000 करोड़ से अधिक का निवेश करेगी। दोपहर करीब 1ञ्च50 बजे तक कंपनी के शेयर 105.09 पर ट्रेड हो रहे थे, जो पिछले बंद भाव से 13त्न ऊपर थे। पिछले तीन महीनों में तो ओमैक्स के शेयरों ने 44त्न की शानदार बढ़त दर्ज की है।

ओमैक्स ने स्टॉक एक्सचेंज को दिए अपने बयान में बताया कि यह टाउनशिप गोल्डन टेंपल से सिर्फ 12 मिनट की दूरी पर होगा और इसमें जल्द ही एक होटल भी बनेगा ताकि इसकी खूबियां और बढ़ें। कंपनी ने यह भी कहा कि भविष्य में आस-पास की और जमीन खरीदकर इस टाउनशिप को और बड़ा करने का मौका भी मिल सकता है।

यह प्रोजेक्ट पहले ही रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (ऋश्वक्र) से मंजूरी और जरूरी परमिट हासिल कर चुका है। पहले चरण में ओमैक्स लोगों को 300, 500 और 1000 वर्ग गज के रेजिडेंशियल प्लॉट ऑफर करेगा।

# पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े, जनता पर महंगाई की मार



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के साथ लड़ाई का खामियाजा अब वहां की आवाम को उठाना पड़ रहा है। पहले से ही आसमान छू रही महंगाई के बीच पाकिस्तान सरकार ने आज 16 जून को पेट्रोल और डीजल के दामों में जबरदस्त इजाफा करने की घोषणा की है। ये जानकारी पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी की गई नोटिफिकेशन से मिली है।

कितना बढ़ा पेट्रोल-डीजल का दाम- नोटिफिकेशन से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल का प्राइस 4.80 प्रति लीटर बढ़ा दिया है। वहीं डीजल की कीमत में 7.95 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। कीमत में बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में अब पेट्रोल 258.43 रुपये प्रति लीटर के भाव से मिलेगा। इसके साथ ही डीजल का प्राइस 262.59 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

पहले कितना था दाम - कीमत बढ़ने से पहले एक लीटर पेट्रोल का दाम 253.63 रुपये था। वहीं एक लीटर डीजल की कीमत पहले 254.64 रुपये थी।

कैसी है पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की हालत- बीते महीने आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में हमला किया गया। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते और भी ज्यादा खराब हो गए थे। ये स्थिति इतनी खराब हो गई कि दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी परिस्थिति बन गई थी। पाकिस्तान भारत के खिलाफ युद्ध करने को तैयार था, लेकिन उसकी खुद की स्थिति डगमगाई हुई है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की हालत इतनी खराब है कि उसका बजट भारत की एक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के रेवेन्यू से भी कम है।

पाकिस्तान का वित्त वर्ष 2025-26 का पूरा बजट ही भारत की एक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के रेवेन्यू का लगभग आधा रह गया है। पाकिस्तान के वित्त और राजस्व मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने राष्ट्रीय विधानसभा में बजट पेश किया था।

## इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के शेयर 7 फीसदी तक चढ़े



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के शेयरों में 16 जून के कारोबारी सत्र में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। यह स्टॉक 7 फीसदी तक चढ़ गया। खास बात है कि शेयरों में यह तेजी 4 दिन की बड़ी गिरावट के बाद देखने को मिली है। आईजीएल के शेयरों में यह तेजी दिल्ली सरकार के एक फैसले पर दोबारा विचार करने को लेकर आई है।

शुक्रवार को आईजीएल के शेयर 193 रुपये के स्तर पर पहुंच गए थे और 2 फीसदी की गिरावट के साथ 198 रुपये के स्तर पर बंद हुए। लेकिन, आज कंपनी के स्टॉक 198.79 रुपये पर खुले और 213.80 रुपये का हाई लगा दिया।

दिल्ली में EV पॉलिसी पर देरी- इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के शेयरों में यह तेजी दिल्ली सरकार की ईवी पॉलिसी को लेकर आई है। ऐसी खबर है कि दिल्ली सरकार अपनी इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी में संशोधन कर सकती है, जिसमें पेट्रोल और गैस से चलने वाले वाहनों को ईवी में शिफ्ट करने की समयसीमा में राहत दिए जाने की संभावना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली सरकार कैब एग्रीगेटर्स और डिलीवरी सेवाओं के लिए अपनी पॉलिसी की समीक्षा कर सकती है, साथ ही सर्ज प्राइसिंग पर सीमा भी तय कर सकती है। उधर, ब्रोकरेज फर्म सिटी ने 250 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ IGL के शेयरों पर

# यूनाइटेड ड्रिलिंग टूल लिमिटेड के शेयरों में 20 फीसदी का अपर सर्किट लगा




नई दिल्ली (एजेंसी)। स्मॉलकैप और मिडकैप कंपनियों के शेयरों पर सबकी नजर रहती है। क्योंकि, पिछले कुछ सालों में इन दोनों सेक्टर्स के शेयरों ने निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले एक साल में इन शेयरों में 50 फीसदी तक गिरावट देखने को भी मिली है। इस बीच, आज स्मॉलकैप सेक्टर की एक कंपनी के शेयरों में 20त्न का अपर सर्किट लग गया है। यूनाइटेड ड्रिलिंग टूल लिमिटेड के शेयर 20 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 243.99 रुपये पर हैं। आइये आपको बताते हैं आखिरी इस कंपनी के शेयरों में अचानक इतनी बड़ी तेजी क्यों आई?

20% क्यों उछला स्टॉक- 490 करोड़ की मार्केट कैप वाली कंपनी यूनाइटेड ड्रिलिंग टूल्स लिमिटेड ऑयल एंड एक्सप्लोरेशन सेक्टर में हाई क्वालिटी वाले उत्पादों का विनिर्माण करती है। इस माइक्रो-कैप कंपनी के शेयरों में ओएनजीसी से एक ऑर्डर मिलने पर 20 प्रतिशत की तेजी आई है। एक्सचेंज पर 10 लाख शेयरों का वॉल्युम देखने को मिला।

यूनाइटेड ड्रिलिंग टूल्स लिमिटेड ने एक्सचेंज को दी फाइलिंग में कहा कि उसे, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से एक महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला है। 107 करोड़ रुपये के इस ऑर्डर में कनेक्टर के साथ बड़े आउटर डायमीटर केसिंग पाइप की सप्लाई करना है। इस कॉन्ट्रेक्ट को 9 महीने की अवधि में पूरा करना है।

सालभर में दिया नेगेटिव रिटर्न- इस कंपनी के शेयरों ने इस साल अब तक 8 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न दिया है, जबकि पिछले एक साल के अंदर महज 5 फीसदी रिटर्न डिलीवर किया है।

## 960 रुपये तक जा सकता है टाटा का यह शेयर, 30% से ज्यादा की आ सकती है तेजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की होटल कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के शेयर सोमवार को 2 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 754.75 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि इंडियन होटल्स के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज के मुताबिक, टाटा ग्रुप की होटल कंपनी के शेयर 980 रुपये तक जा सकते हैं। यानी, शुक्रवार 13 जून 2025 के क्लोजिंग लेवल से इंडियन होटल्स के शेयर 33 पर्सेंट से अधिक उछल सकते हैं।

विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड पर अपने बुलिश नजरिए को दोहराया है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# जबलपुर में पकड़ा गया बांग्लादेशी पूछताछ में कर रहा अजीब हरकतें



जबलपुर। डुमना एयरपोर्ट के पास संदिग्ध हालात में पकड़े गए बांग्लादेशी युवक को आखिरकार भारत से डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खमरिया पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए युवक रहमत अली को 22 जून को बंगाल के हावड़ा में सीमा सुरक्षा बल (क्रस्त्र) के हवाले किया जाएगा।

वहां से उसे बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। युवक की गतिविधियां संदिग्ध होने के कारण उसके खिलाफ लंबी पूछताछ और जांच की प्रक्रिया चली, लेकिन कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं मिला।संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस हुई सतर्क

27 मई को रहमत अली को डुमना एयरपोर्ट के पास सैन्य क्षेत्र के करीब संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर खमरिया पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान वह असामान्य भाषा में बात करता रहा था। उसका व्यवहार भी मानसिक असंतुलन जैसा लग रहा था।

उसने खुद को बांग्लादेश के बागुड़ जिले के रामचंद्रपुर का निवासी बताया। उसने दावा किया कि वह अपने नौ दोस्तों के साथ भारत में भोजन के लिए आया था। रास्ता भटक कर जबलपुर पहुंच गया।विदेश मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क

पुलिस ने युवक की जानकारी गृह मंत्रालय, बीएसएफ और विदेश मंत्रालय तक पहुंचाई। देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क कर उसके फिंगरप्रिंट और विवरण साझा किए गए। लेकिन किसी भी एजेंसी को उसके आपराधिक रिकार्ड या गतिविधि से संबंधित जानकारी नहीं मिली।

अब युवक को 22 जून को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सीमा सुरक्षा बल को सौंपा जाएगा। वहां से आवश्यक औपचारिकताओं के बाद उसे बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। फिलहाल रहमत अली पुलिस की निगरानी में है और उसकी मानसिक स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है।

## स्टेयरिंग फेल होने पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकराकर खाई में गिरी, छह लोग घायल



दमोह। हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह-कटनी मार्ग पर लालघाटी के पास सुबह 8.30 बजे इंदौर से बनारस जा रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए खाई में जाकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।इंदौर से जा रहे थे बनारस

प्राप्त जानकारी अनुसार कार क्रमांक यूपी 65 एडब्ल्यू 1085 से इंदौर निवासी 30 वर्षीय राकेश पुत्र गणपत मंसोर, 42 वर्षीय संजय पंचोली पुत्र चुन्नीलाल पंचोली, 35 वर्षीय राजा मंसोर पुत्र गणपत मंसोर, 42 वर्षीय मनोज मिश्रा पुत्र रामाधार मिश्रा, 38 वर्षीय रीता मिश्रा पत्नी मनोज मिश्रा व 45 वर्षीय राधा बाई पति पप्पू मंसोर इंदौर से अपने गृह ग्राम बनारस जा रहे थे तभी उनकी कार लालघाटी के पास पलट गई।

**स्टेयरिंग फेल होने के कारण हुआ हादसा**-घायल राकेश ने बताया कि कार का स्टेयरिंग फेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे लगे पेड़ से टकराते हुए सड़क छोड़कर नीचे जाकर पलट गई, गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी हिंडोरिया भेजा, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## थाना प्रभारी, जेलर, डॉक्टर समेत आठ पुलिसकर्मियों पर चलेगा हत्या का केस



भोपाल। जेल और पुलिस अभिरक्षा में बंदी रहे आरोपित मोहसिन की मौत के मामले में जिला न्यायालय भोपाल की तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश प्रीति साल्वे की अदालत ने आठ पुलिसकर्मियों, एक जेलर और एक डॉक्टर की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए हत्या, साक्ष्य मिटाने और आपराधिक षड्यंत्र जैसे संगीन अपराधों में दर्ज मुकदमे को बरकरार रखा है। अब इन सभी आरोपितो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाएंगे।किन पर चला कानून का डंडा?

बता दें कि पूर्व में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आशीष मिश्रा की अदालत ने थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया (वर्तमान थानाप्रभारी मिसरोद), जेलर आलोक बाजपेयी, डॉक्टर आरएन साहू (तत्कालीन प्रमुख,मानसिक रोग विभाग,हमीदिया अस्पताल), क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी एहसान, मुरली, चिरौंजीलाल, दिनेश खजूरिया सहित कुल आठ पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र) और 201 (साक्ष्य मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया था। इसको लेकर पुनरीक्षण याचिका लगाई गई थी।

मृतक मोहसिन के स्वजनों की ओर से अधिवक्ता यावर खान ने अदालत में कहा कि इस मामले में कुल 14 गवाहों की गवाही हो चुकी है, जिनमें से 10 शासकीय अधिकारी हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से बयान दिया है कि मोहसिन की मौत पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई मारपीट से हुई। बता दें कि अदालत ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया है कि थाने और जेल परिसर में हुई गंभीर मारपीट के कारण ही मोहसिन की मौत हुई और आरोपितों ने सीसीटीवी फुटेज को भी जानबूझकर डिलीट कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। इससे पहले भी न्यायिक मजिस्ट्रेट विपिन्द्र यादव की जांच में उपरोक्त सभी पुलिसकर्मी दोषी पाए गए थे। गौरतलब है कि इन अधिकारियों के खिलाफ पूर्व में तीन बार मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा हत्या का मामला दर्ज किया जा चुका था, लेकिन आरोपित लगातार जिला न्यायालय में रिवीजन याचिका लगाकर गिरफ्तारी से बचते रहे। अब जब जिला अदालत ने भी इनकी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं, तो अगला कदम गिरफ्तारी वारंट जारी करना होगा।

## मानसून खरगोन, बड़वानी व बुरहानपुर में सक्रिय, अगले दो दिन में इंदौर संभाग को करेगा पार

भोपाल। दस दिन के ठहराव के बाद सक्रिय हुए मानसून ने तेजी से मध्य प्रदेश में प्रवेश कर लिया। रविवार देर रात मानसून दक्षिण-पश्चिम हिस्से से मध्य प्रदेश की सीमा में आया। खरगोन जिले में रविवार रात से बारिश शुरू हो गई।

सोमवार दोपहर तक मानसून सिस्टम खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर और खंडवा के दक्षिणी हिस्से में सक्रिय हो चुका था। सामान्य तौर पर प्रदेश में 15 जून तक मानसून का आगमन होता है।

मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि सोमवार को मानसून की उत्तरी सीमा मध्य प्रदेश के खरगोन, गुजरात के वेरावल, भावनगर,



वडोदरा, महाराष्ट्र के अमरावती, छत्तीसगढ़ के दुर्ग और ओडिशा-बंगाल में बरगढ़, चांदबली, सैंडहेड आइलैंड, बलुरघाट तक पहुंच गई है।लोगों को मिलेगी गर्मी से भीषण राहत

मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि अगले 24 घंटों में इंदौर संभाग के धार, खंडवा और बुरहानपुर जैसे जिलों में मानसून के सक्रिय होने की पूरी संभावना है। इसके असर से प्रदेश के दूसरे हिस्सों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

किसानों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। पहली बरसात के बाद खरीफ के फसलों की बोआई की शुरुआत हो जाएगी। मध्य प्रदेश में मानसून सामान्य तौर पर मंडला-बालाघाट इलाके से आता है। इस बार इसकी दक्षिण-पश्चिम शाखा तेजी से आगे बढ़ी और उसने निमाड़ से प्रवेश लिया। इससे पहले वर्ष 2022 में इस हिस्से में सबसे पहले मानसून ने प्रवेश किया था।22 तक भोपाल पहुंच जाएगा मानसून

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यही गति बनी रही तो मानसून 22 जून तक भोपाल पहुंचेगा।

## भोपाल में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

भोपाल। एमपीनगर थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की शादी दो महीने पहले ही पड़ोस के युवक से हुई थी। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ तो महिला मायके चले गई थी, लेकिन आधी रात को पति के बुलाने पर वापस ससुराल गई। सुबह करीब छह बजे पति ने महिला के परिजनों को मौत की जानकारी दी।

एमपीनगर थाना पुलिस ने कहा कि शव का पीएम करवाया गया है। जांच के बाद तथ्य सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय फरहा खान राजीव नगर में रहती थी। उसकी शादी ऑटो चालक आमिर खान से हुई थी।मां ने दामाद पर जताया हत्या का शक

मृतका की मां शमा खान ने बताया कि दामाद आमिर की भतीजी हमारे बेटे से मैसेज पर बात करती थी। आमिर को यह पता चला तो वह फरहा से झगड़ा करने लगा। रविवार को भी उसे मोबाइल में मैसेज मिले, तो फरहा को डांटा। उसके बाद उसने मायके पहुंचकर छोटे भाई को समझाइश दी।

दामाद के बुलाने पर वह वापस ससुराल गई। सुबह छह बजे आमिर ने फोन कर बताया कि उसने फांसी लगा ली है, जबकि कमरे में न तो फंदा टांगने की जगह है और न ही वहां कोई दुपट्टा मिला। फांसी लगाने को लेकर बार-बार वह अलग-अलग कहानियां बनाता रहा। हमको पूरा शक है कि उसने गला दबाकर बेटी की हत्या की है।



दैनिक हिन्दकुश

# घर की कलह, नशे की लत या डिप्रेशन, सिर्फ एक कॉल से मिलेगी राहत, कई परिवारों में लौटी खुशियां



इन्दौर। केंद्र सरकार ने 2022 में टेली मानस सेवा शुरू की है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 14416 और 18008914416 जारी किए। मानसिक तनाव या अन्य समस्या से जूझ रहे पीड़ित इस पर कॉल कर मनोचिकित्सकों से सलाह लेते हैं। मप्र में इंदौर के बाणगंगा मेंटल हॉस्पिटल और ग्वालियर में इसके मुख्य केंद्र खोले गए हैं। बाणगंगा मेंटल हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. वीएस पाल ने बताया कि 2022 से अब तक एक लाख 20 हजार 87 लोगों के कॉल इस सेंटर पर आए। पीड़ितों से उनकी समस्या जानकार समाधान किया जा रहा है।

तनाव भी एक बीमारी, इसे पहचानें- डॉक्टरों का मानना है कि आज लगभग हर व्यक्ति को किसी न किसी तरह का मानसिक तनाव है। चाहे वह कार्यस्थल की परेशानी हो या घर की समस्या। इसके बावजूद लोग तनाव, नशे की लत या इससे जुड़ी परेशानियों को बीमारी मानने को तैयार नहीं होते। यही कारण है कि अधिकांश लोग समय रहते इलाज नहीं कराते और समस्या गंभीर रूप ले लेती है। यदि लोग मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो जाएं तो उनके जीवन की आधे से अधिक समस्याएं दूर हो सकती हैं।

व्यापारी को शराब की लत छुड़वाई- ऐसे ही एक कपड़ा व्यापारी को कारोबार में घाटा हो गया। वह डिप्रेशन में रहने लगा। दोस्त ने सलाह दी कि शराब पीया करो। नींद अच्छी आएगी। दोस्त के कहने पर व्यापारी ने शराब पीना शुरू कर दिया। फिर तो उसे लत लग गई। इसे चक्कर में कर्ज लेने लगा। इसके बाद किसी ने कहा कि मनोचिकित्सक से सलाह लो। तब व्यापारी ने बाणगंगा स्थित टेली मानस में कॉल किया। यहां के डॉक्टर ने करीब 45 मिनट जानकारी ली। इसके बाद उसे अस्पताल बुलाया और काउंसलिंग की। जैसे ही व्यापारी को शराब की तलब लगती, उसे कुछ दवा दी जाती। धीरे-धीरे उसकी शराब की लत छूट गई। अब उसका जीवन अच्छा चल रहा है। इस तरह के हजारों परिवारों को बाणगंगा मेंटल हॉस्पिटल से इसी तरह की मदद मिली।

परिवार में लौटी सुख शांति - इंदौर का एक और उदाहरण यहां पर दिया गया। बताया कि एक परिवार में आठ साल की बेटी और पांच साल का बेटा है। दोनों ने स्कूल जाना बंद कर दिया था। कारण था कि बेटी को स्कूल में चिढ़ाया जाता था। इससे बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ने लगा और वो गुमसुम रहने लगे। बच्चों को संभालने और अन्य प्रेशर में मां की तबीयत खराब होने लगी। घर के पास रहने वाले डॉक्टर ने टेली मानस हेल्पलाइन के बारे में बताया। परिजनों ने इस पर कॉल किया तो बाणगंगा मेंटल हॉस्पिटल के मनोचिकित्सकों से बात हुई। डॉक्टरों ने बेटा-बेटी, परिजन और स्कूल के स्टाफ को अस्पताल बुलाया। वहां सारे पहलुओं को जाना। काउंसलिंग की। इसके बाद सभी से अपडेट लेते रहे। इसका असर यह हुआ कि दोनों बच्चे स्कूल जाने लगे और बाद में मां का स्वास्थ्य भी ठीक हो गया।

## 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण- खाद्य मंत्री श्री राजपूत

इन्दौर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्यप्रदेश में अति शीघ्र स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था लागू की जानी है। इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (ह्स्त्र्) अंतर्गत राशन सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई-केवायसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाना है। फरवरी 2025 से ई-केवायसी के लिये चलाये जा रहे अभियान में 1 करोड़ 11 लाख हितग्राहियों की ई-केवाईसी करायी गयी है। साथ ही प्रदेश के कुल 5.32 करोड़ हितग्राहियों में से 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण हो गयी है। यह मध्यप्रदेश के कुल हितग्राहियों का 89% है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि मध्यप्रदेश में ई-केवायसी से शेष 54.8 लाख पात्र हितग्राहियों का भी ई-केवाईसी जून माह में किया जाना है। इन हितग्राहियों की ई-केवायसी जून माह में पूर्ण कराने के लिये पूरे प्रदेश में ग्राम एवं वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर ई-केवायसी करने के निर्देश समस्त कलेक्टर्स को जारी किये गये हैं। अभियान के विषय में अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरूण शमी द्वारा प्रदेश के सभी संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स को अभियान को प्राथमिकता में लेकर ई-केवायसी के लिये सभी आवश्यक प्रयास करने के लिये निर्देशित किया गया है। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाईल फोन पर ई-केवायसी की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। इसके लिए मध्यप्रदेश के हितग्राहियों के लिए मेरा ई-केवायसी एप प्रदेश में लांच किया गया है। इस एप के माध्यम से राशन लेने वाले वृद्ध, दिव्यांग, छोटे बच्चे आदि कोई भी हितग्राही किसी भी एन्ड्राईड मोबाईल फोन से अपना व अपने परिवारजनों का आधार नम्बर व ओटीपी दर्ज करके घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं।

## शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद में कक्षा 11वीं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

इंदौर। राज्य शासन के अनुसूचित जाति विकास द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद में वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में बालक-बालिकाओं की कुल 124 रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। आवेदन आगामी 21 जून शाम 5 बजे तक (शासकीय अवकाश के दिवस छोड़कर) जमा होंगे। शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद के प्राचार्य ने बताया कि रिक्त सीटों में प्रवेश केवल अनुसूचित जाति एवं बीपीएल कार्ड धारक परिवारों के बालक-बालिकाओं को दिया जायेगा। इसके लिए विद्यार्थी की पूर्व कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत या बी ग्रेड होना अनिवार्य होगा। शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 90 प्रतिशत तथा सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जनजाति के ऐसे विद्यार्थी जो बीपीएल कार्ड धारक(गरीबी रेखा) के अंतर्गत आते है, उनके लिए 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित है। विद्यालय आवासीय होने के साथ ही सीबीएससी बोर्ड में संचालित है। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 11 में रिक्त सीटों की कुल संख्या 124 (बालक 62 और बालिका 62) है। विद्यार्थियों को गणित, जीव विज्ञान और वाणिज्य संकाय में प्रवेश मिलेगा। प्रवेश परीक्षा शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद खंडवा रोड चमेलीदेवी कालेज के सामने इंदौर में आगामी 25 जून को दोपहर 11.30 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जायेगी।

## गरीबों-किसानों-श्रमिकों की समृद्धि का आधार मनरेगा- मुख्यमंत्री

इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गरीब, महिला, किसान और युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के विजन को साकार करने के लिये देशभर में अभियान चलाया जा रहा है।

राज्य सरकार इस अभियान को मिशन मोड में संचालित कर रही है। प्रदेश में कमजोर वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें मनरेगा योजना गरीबों किसानों और श्रमिकों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस योजना के माध्यम से न सिर्फ गरीब, श्रमिकों और किसानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला रहा है, बल्कि सिंचाई की उपलब्धता भी बन रही है। योजना के अंतर्गत खेत-तालाब, अमृत-सरोवर, कुएं, चेक-डैम, भूमि समतलीकरण, मेड़बंदी, बागवानी, जल निकायों का निर्माण, जीर्णोद्धार और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण सहित जल संचयन के अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

मनरेगा योजना से जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक प्रदेश के 32 लाख लोगों को रोजगार मिला है। वर्ष 2025-26 में मजदूरों को अब तक लगभग 1500 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

22 लाख परिवारों को मिला लाभ- ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिले, इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा योजना चलाई जा रही है। मनरेगा योजना में लोगों को स्थानीय स्तर पर 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश में अप्रैल माह से अब तक 22 लाख परिवारों के 32 लाख लोगों को मनरेगा योजना का लाभ मिला है।

वृहद स्तर पर किए जा रहे जल संरचना के कार्य- प्रदेश में बारिश के पानी का बड़े स्तर पर संचयन किया जा सके, लोगों को रोजगार मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बड़े स्तर पर जल संरचना के कार्य किए जा रहे है। 14 जून की स्थिति में प्रदेश में 80 हजार 496 खेत तालाब, एक लाख एक हजार 61 कूप रिचार्ज पिट और एक हजार 283 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिल रहा है।

## उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील

इंदौर। इंदौर जिले में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को उपलब्ध कराये जाने हेतु 30 जून 2025 तक विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। जिले के किसानों को सूचित किया गया है कि विभाग द्वारा संचालित समस्त उद्यानिकी योजनाओं अंतर्गत अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु विभाग के mpfsts portal पर पंजीयन /आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे-फोटो, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, खसरा बी-1, अजा/अजजा वर्ग हेतु प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

इन्दौर जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां की स्थापना तथा पूर्व से स्थापित इकाईयों के उन्नयन तथा पैकेजिंग के सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना पर योजना अंतर्गत इकाई लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख अनुदान लाभ दिये जाने हेतु प्रावधान है, जिस हेतु जिले को 150 इकाईयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

समस्त कृषकों/उद्यमियों से अपील की गई है कि उक्त योजना का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला कार्यालय उप संचालक उद्यान, जिला इन्दौर रेसीडेंसी परिसर, चिडियाघर के पास, ए.बी. रोड इन्दौर या विकासखंड स्तर पर पदस्थ वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारियों /ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों से सम्पर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## राजा और सोनम की एक और तस्वीर आई सामने, सीढ़ियां चढ़ते समय पर्यटक ने बनाई थी



शिलांग में जब नोंग्रियाट गांव की खाई में राजा और सोनम गए थे। तब वे अपने साथ कोई लगेज नहीं ले गए थे, लेकिन लौटते समय राजा के पास एक छोटा बेग था, जबकि सोनम एक पॉलिथीन में कुछ सामान रखकर सीढ़ियां चढ़ रही थी। उसने भी एक छोटा सा बैग कंधे पर टांग रखा था। इसका खुलासा एक पर्यटक द्वारा लिए गए वीडियो में हुआ। पर्यटक जाते हुए वीडियो बना रहा था और उसमें राजा व सोनम भी कैद हो गए थे। सोनम ने वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को भी घूरते हुए देखा था। अब उस वीडियो की तस्वीर वायरल हो रही है।

22 मई की शाम को सोनम डबलडेकर रूट पर राजा को मारने में नाकाम रही थी। इसके बाद सोनम और राजा ने सुबह छह बजे शिपारा होम स्टे से चेक आउट कर दिया था और तीन हजार सीढ़ियां चढ़ते हुए बंद पार्किंग यार्ट तक पहुंचे थे। लौटते समय राजा और सोनम एक पर्यटक के मोबाइल के वीडियो में कैद हो गए। पर्यटक देवेंद्र सिंह यूट्यूबर है। उनके मोबाइल में 23 मई की सुबह साढ़े 9 बजे से 10 बजे के बीच राजा और सोमन कैद हुए। संभवत~ राजा की यह अंतिम वीडियो है। इस वीडियो के कैद होने के चार घंटे बाद राजा की हत्या कर दी गई थी। वीडियो में सोनम सफेर रंग की टीशर्ट पहने हुए थी और उसके हाथ में एक लाठी भी थी, जबकि राजा उसके पीछे चल रहा था। राजा ने पानी की बोतले पकड़ रखी थी और कंधे पर जैकेट टांग रखा था। सोनम की हाथ में एक सफेद रंग की पॉलिथीन भी थी। संभवत~ उसमें भी जैकेट रखा था, जो राजा की हत्या के बाद सोनम ने विशाल को दे दिया था।

बुर्का अपने साथ नहीं लाई थी सोनम- सोनम रघुवंशी और तीनों युवकों ने बंद पार्किंग यार्ट में राजा की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी। इसके बाद सोनम बुर्का पहन कर फरार हो गई थी, लेकिन सोनम बुर्का अपने साथ नहीं लाई थी।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के इंदौर दौरे की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने किया स्थलीय निरीक्षण



इंदौर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का दो दिवसीय इंदौर प्रवास कार्यक्रम 18 एवं 19 जून को प्रस्तावित है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एडीएम श्री रोशन राय, श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम रेसीडेंसी पहुंचकर राष्ट्रपति जी के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं–आवास, सत्कार, भोजन आदि की समीक्षा की। इसके उपरांत वे एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्थाओं के साथ ही सुरक्षा, स्वागत एवं परिवहन व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण की जाएं और राष्ट्रपति महोदया की गरिमा के अनुरूप किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह इंदौर के लिए गौरव का क्षण है और सभी संबंधित विभाग अपने कार्यों को समन्वय से उच्चतम स्तर पर पूर्ण करें।

जय श्री महाकाल ...



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# सिंहस्थ चौडीकरण के कार्य में मिल रहा है रहवासियों का सहयोग

## महापौर मुकेश टटवाल ने की मार्ग चौड़ीकरण कार्यों की समीक्षा



उज्जैन। नगर निगम द्वारा चौडीकरण कार्यवाही अन्तर्गत प्रचलित कोयला फाटक से लेकर मेट्रो टॉकीज गली एवं बियाबानी चौराहे से तेलीवाड़ा मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों की समीक्षा सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा की गई।

सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है जिसमें क्षेत्र के रहवासियों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है महापौर द्वारा समीक्षा करते हुए अधिकारियों से मार्ग चौड़ीकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि जितना कार्य संपादित होता जा रहा है पहले वहां नाली निर्माण का कार्य किया जाए ताकि रहवासियों को किसी प्रकार की आवागमन में समस्या ना हो।

वर्तमान में कोयला फाटक से इंद्रप्रस्थ टावर तक के 570 मीटर मार्ग पर 90ः मकान हटाए जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें क्षेत्र के नागरिकों का भी पूर्ण सहयोग मिला है महापौर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगर निगम की भी जिम्मेदारी बनती है कि जितना कार्य साइट पर क्लियर होता जा रहा है वहां पर प्राथमिकता से नाली निर्माण, पोल शिफ्टिंग, पीएचई के कार्य, सड़क निर्माण का कार्य करें।

बैठक में एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री राकेश वास्कले, साहिल मैदावाला, लक्ष्मण प्रसाद साहू एवं संबंधित उपयंत्री उपस्थित रहे।

# निःशुल्क कानूनी सलाह शिविर में दी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को कानून की जानकारी



उज्जैन। जानसापूरा स्थित उम्मीद पब्लिक स्कूल में निःशुल्क कानूनी सलाह शिविर का आयोजन किया गया। वहीं सैयद मक़सूद अली की यौम ए पैदाइश के मौके पर एक शाम सैयद मक़सूद अली के नाम मन्सूब एक अदबी व शेअरी नशिस्त मुनक्कीद की गई। साथ ही चादर पेश की गई।

शिविर में उज्जैन अभिभाषक संघ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओम सारवान, अभिभाषक संघ के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र मेहता, सचिव डॉ प्रकाश चौबे, एडवोकेट संतोष सिसोदिया, एडवोकेट सत्यनारायण जोशी, एडवोकेट सुधाशन मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ होने पर सैय्यद मकसूद अली एवं सभी अतिथि गणों को माला पहना कर सम्मान किया गया। विशेष अतिथि समीर उल हक़ ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को कानून की जानकारी देना है। अंत मे स्कूल में मेरिट वाले बच्चों को अवार्ड दिए गए। कार्यक्रम में अन्य अतिथियो फरहान गौरी, मोहसिन एवं स्कूल संचालक मजीद मुल्तानी, मुश्ताक मुल्तानी, नावेद मुल्तानी, इमरान एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

शाम को सैयद मक़सूद अली की यौम ए पैदाइश के मौके पर एक शाम सैयद मक़सूद अली के नाम मन्सूब एक अदबी व शेअरी नशिस्त मुनक्कीद की गई। जिसकी सदारत शायर उस्ताद हुसैन एहमद शान ने की। बज़्मे शान की जानिब से सैयद मक़सूद अली का साफ़ा बांध कर इस्तकबाल किया गया। समीर उल हक़ साहब ने कैक कटवाकर मुबारकबाद दी। नशिस्त का बाबरकत आग़ाज़ नौजवान शायर मोहतरम शाहनवाज़ असीमी साहब ने किया। इस्तकबालीया निज़ामत बज़्म के खास मेम्बर सुरखाब बशर ने की। शैरी नशिस्त की निज़ामत के फराईज मिर्ज़ा जावेद बेग ने अंजाम दिए। शेअरी नशिस्त में मौजूद अब्दुल हमीद गौहर, हुसैन एहमद शान, खुर्शीद अनवर आदि।

## सावन में कावड़ यात्रियों, श्रद्धालुओं को कराएंगे निःशुल्क भोजन प्रसादी



उज्जैन। सावन मास में हिंदू संगठन द्वारा कावड़ यात्रियों, श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन प्रसादी कराई जाएगी। जिसमें प्रतिदिन 3000 कावड़ यात्री व श्रद्धालु का भोजन बनेगा। उक्त निर्णय मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के संस्थापक व अध्यक्ष हिंदू टाइगर फोर्स भारत के राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित बैठक में लिया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर क्षत्रिय महासभा युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह परिहार, क्षत्रिय महासभा की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष व गोरक्षा न्यास की प्रदेश अध्यक्ष हेमलता कुमार, क्षत्रिय महासभा के प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बलवीर सिंह पवार व विशेष अतिथि के तौर पर संतश्री रामदास रामायणी व जीतू बाबा मौजूद रहे।

# 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान




उज्जैन। कादम्बिनी चिल्ड्रन्स अकेडमी में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सत्र 2024-25 की सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के पितृ पुरूष सत्यनारायण जायसवाल द्वारा शील्ड व सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। संस्था निर्देशक विवेक जायसवाल, ध्रुव जायसवाल, मनोज पारिख एवं प्राचार्या डॉ मंजु कीर्ति वशिष्ठ द्वारा सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई।

## बेटियां भारत की शक्ति सामर्थ्य की मुकुटमणि है...



उज्जैन। भारतीय नारी हर काल में सम्मान, वैभव, आत्मीयता की देवी रही हैं। बेटियां भारत की शक्ति सामर्थ्य की मणि मुकुट है। भारत की बेटियों ने हिमालय की ऊंचाई पर तिरंगा लहराया है। वहीं सागर की गहराई को नापा भी है। भारतीय बेटियों ने ज्ञान, विज्ञान, ज्योतिष, कला, पराक्रम, सनातन संस्कृति, समाज सेवा, सभी क्षेत्रों में शक्ति के परचम को फहराकर श्रेष्ठता सिद्ध की है।

उक्त उदगार उज्जैन की होनहार बीटिया नव्या तिवारी के एनडीए के माध्यम से पायलट ऑफीसर की परीक्षा में चयनित होने पर स्वस्थ संसार जिम तरण ताल में आयोजित अभिनंदन समारोह में बॉस्केटबॉल के पूर्व खिलाड़ी नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के चेयरमैन प्रेमसिंह यादव ने की। इस अवसर पर प्रतिभाशाली नव्या तिवारी का शाल, श्रीफल, दुपट्टा, स्मृति चिन्ह एवं मालवी पगड़ी पहनाकर विशिष्ट अभिनंदन पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह, इंजीनियर गजेंद्र मेहता द्वारा किया गया। संजय अग्रवाल का खेल अभिनंदन राजेश शर्मा टेबल टेनिस, जय यादव पॉवर लिफ्टिंग ने किया। समारोह के सूत्रधार स्वस्थ संसार जिम के संचालक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके थे। अतिथि द्वारा नव्या तिवारी के दादाजी कैलाश तिवारी, राकेश तिवारी का भी अभीनंदन किया गया। आभार प्रदर्शन जितेंद्र सिंह कुशवाह ने किया।

# परोपकार और निस्वार्थ सेवा से समाज से जुड़ें - सन्त गोविंद जाने

## नागर ब्राह्मण समाज का शपथ ग्रहण दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न




उज्जैन। समाज का प्रत्येक सदस्य समाज की उन्नति के लिए जिम्मेदार है, हम परोपकार और सेवा भावना से समाज से सदैव जुड़े रहें।

उक्त विचार उज्जैन नागर ब्राह्मण परिषद, नागर महिला मंडल, नागर युवक मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में संत गोविन्द जाने ने व्यक्त किए। हाटकेश्वर धर्मशाला उर्दू पुरा में आयोजित इस कार्यक्रम में नवीन अध्यक्ष विजय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा लव मेहता, युवक मंडल अध्यक्ष अमित नागर एवं तीनो संगठनों के नवगठित कार्यकारिणी पदाधिकारियों व्दारा शपथ ली गई। दास्ताखेड़ी आश्रम एवं मालव माटी के संत गुरुदेव विनोद नागर गोविन्द जाने के विशेष सानिध्य में संपूर्ण कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई गई। विशेष आतिथी के रुप में नागर ब्राह्मण परिषद के प्रदेशाध्यक्ष केदार रावल, महासचिव हेमंत व्यास, महिला मंडल प्रदेशाध्यक्ष सोनिया मंडलोई, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश मेहता, संगठन सचिव आनंद शर्मा, गिरीश रावल, न्यास अध्यक्षव्दय डॉ. जी.के.नागर, सुरेन्द्र मेहता सुमन का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठजनों की विशेष आशीर्वादमय उपस्थिति रही पूर्व अध्यक्षव्दय हेमंत त्रिवेदी, योगेन्द्र त्रिवेदी, न्यास कोषाध्यक्ष रामचंद्र नागर, डॉ चंद्रकांत व्यास, रमाकांत नागर, कमलकांत मेहता, योगेश मेहता, ओमप्रकाश नागर आदि उपस्थित रहे। महिला मंडल की वरिष्ठ आशीर्वादमय उपस्थिति मे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आभा मेहता, शिलाबेन व्यास, डॉ. मधु नागर, डॉ. अरूणा व्यास, सुधा मेहता, कृष्णा त्रिवेदी, सरला नागर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रारंभ में गुरुदेव आगमन पर महिला मंडल एवं युवा मंडल सदस्यों व्दारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कन्हैयालाल मेहता द्वारा विशेष रूप से श्रृंगारित इष्टदेव भगवान हाटकेश्वर महादेव की पूजन एवं दर्शन गुरुदेव एवं तीनों संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों और समाजजनों व्दारा किया गया। समस्त अतिथियों एवं नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व्दारा दीप प्रज्वलन, श्री हाटकेश्वर महादेव एवं संत शिरोमणि नरसी मेहता पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया। महिला मंडल की धर्म संस्कार प्रमुख डॉ. कवीता मेहता एवं महिला सदस्यों व्दारा संत नरसी मेहता रचित वेष्णव जन तो तेने कहिए की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। गुरुदेव का परिचय समन्वय संयोजक लव मेहता व्दारा दिया गया। स्वागत उद्बोधन एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा परिषद अध्यक्ष विजय शर्मा, युवा परिषद् अध्यक्ष अमित नागर, महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता व्दारा दिया गया। समारोह की मुख्य विशेषता यह थी की तीनों संगठनों के नवगठित पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को सचित्र उनके पदों व नाम के बेजेस मनीष मेहता एवं संजय जोशी के विशेष प्रयासों से वितरित कर पहनाए गए एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक, परामर्शदाता संरक्षक सदस्यों को मोतीयों की माला एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com